Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 05-08-2022 अंक 306

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### बिजली की नुका छिपी से जनता परेशान

चलकुशा –प्रखड की जनता बिजली विभाग की इस नुकाछिपी खेल से त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है। एक सप्ताह से चलकुशा प्रखंड में बिजली विभाग के द्वारा बिजली कटौती लगातार किया जा रहा है जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना कर रहा है। यहां तक कि लोगों का मोबाइल भी चार्ज नहीं हो पा रहा है।और जनप्रतिनिधि मौन धारण किए हुए हैं जिससे जनता में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

### मतदाता सूची को आधार सिडिंग कराने को लेकर हुई बैठक

चलकुशा – प्रखड मुख्यालय सभागार में मतदाता सूची को आधार के साथ जोड़ने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी के अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। बीडीओ ने सभी जनप्रति. निधियों को मतदाता सूची को आधार सिडिंग कराने में अपने अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर बी एल ओ को सहयोग करने को कहा यह कार्य बी एल ओ ओ के द्वारा घर घर जा कर किया जाना है। आधार सिडिंग होने से किसी भी व्यक्ति का भारत में कहीं पर भी एक ही जगह मतदाता सूची में नाम दर्ज रह पाएगा। सरकार ने इस कार्य को २०२३ तक पूर्ण कर लेने का लक्ष्य रखा है।

### पदमा थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



पदमा थाना परिसर में शुक्रवार को मुहर्रम के लेकर शांति समिति का बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अंचाधिकारी मुजादिन अंसारी ने किया। वहीं सीओ ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की मुहर्रम मुस्लिमों का मुख्य त्योहार है। जिसे उन्होंने शांति और सौहार्द से मनाने का अपील किया। मौके पर थाना प्रभारी विक्रम सिंह, प्रमुख बिना देवी, जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता, उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार राना, सुरेंद्र गुप्ता सहित प्रखंड के दर्जनों अन्य समाजसेवी मौजूद थे।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

APEM LIVE

# दो सदस्यीय केंद्रीय टीम ने किया बरही अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण, दुरुस्त व्यवस्था देख हुए संतुष्ट

## सीमित संसाधन में हो रहा है बेहतर काम, मिल रही हैं स्वास्थ्य सुविधाएं

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

दो सदस्यीय केंद्रीय टीम ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण कर अस्पताल के द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। केंद्रीय टीम में शामिल डॉ अखिल कुमार सिंह एवं डॉ विजय कुमार यादव ने अस्पताल के ओपीडी सेवा, इमरजेंसी सेवा, प्रसव व्यवस्था, लाइव एक्सरे रूम, दवाखाना ,एमटीसी सहित अन्य सभी विभागों का अवलोकन कर उनके द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रम की जानकारी ली। निरीक्षण के बाद टीम के सदस्यों ने बताया की बरही अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था चुस्त एवं दुरुस्त है । अनुमंडलीय अस्पताल के माध्यम से 24 घण्टा सातो दिन अस्पताल के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही है । टीम को डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी ने बताया की अनुमंडलीय अस्पताल तीन तीन नेशनल हाईवे के संगम पर अवस्थित है । जिसके कारण आए दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है । लेकिन उस हिसाब से बरही अनुमंडलीय अस्पताल में डॉक्टरों की पोस्टिंग नहीं हुई है। फिर भी सीमित मानव संसाधनों के माध्यम से भी बेहतर स्वास्थ सुविधाए उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है । टीम के सदस्य अखिल कुमार सिंह ने बताया कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल के माध्यम से प्रसव की व्यवस्था के साथ-साथ परिवार नियोजन कार्यक्रम को बहुत ही बेहतर तरीके से अपनाया जा रहा है। ओपीडी एवं इमरजेंसी सेवा की सुविधा अच्छी है। कुछ और बेहतर करने का सुझाव दिया गया है। मौके पर विनय कुमार सिन्हा ,पंकज कुमार आजाद, प्रमोद श्रीवास्तव ,विजेंद्र कुमार ,विनोद कुमार यादव ,जावेद अख्तर, नरेश कुमार, एएनएम आशा कुमारी ,ममता कुमारी, एमपीडब्ल्यू संतोष यादव, सविता कुमारी , सहित कई लोग मौजूद थे।



निरीक्षण करती केंद्रीय टीम



दिनांक: 05-08-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## रसोइया धमना में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न, शांति पूर्ण रूप से त्योहार मनाने का अपील

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



मुहर्रम को लेकर रसोइया धमना पंचायत भवन में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार व संचालन प्रो बद्री साव ने किया। बैठक में प्रमुख मनोज रजक, अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, पु.नि. सह थाना प्रभारी ललित कुमार भी मौजूद रहे। सभी को सरकार के नियमानुसार शांति से मुहर्रम पर्व को सम्पन्न करने की बात कहते हुए सभी जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों को भी जिम्मेवारी दी गयी कि जिस प्रकार रसोइया धमना पंचायत पर्व मनाने में प्रखंड में अव्वल रहा है, वह हमेशा बना रहे। प्रशासनिक पदाधिकारियों ने मुहर्रम को लेकर प्रशासन सजग है। किसी भी समस्या पर प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने आपसी सद्भाव के साथ संपन्न कराने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। कहा कि मुहर्रम आपसी भाईचारे के साथ शांति का पैगाम देने वाला पर्व है।मौके पर मुखिया गोविंद साव, मो तौकीर रजा, पंचायत समिति मो तैयब अंसारी, उप मुखिया बीरेंद्र साव, मो गनी, कयूम अली, मो हकीम, मो शमशेर, मो कुदुश, वार्ड सदस्य आरती देवी, मो गफार, मो मोईन, नीतेश कुमार, कैलाश साहू, मो अनीश, मो एहसान, मो नईम, मो शमशाद, मो मुख्तार, मो सेराज, वार्ड सदस्य जमनी देवी, मो समीम, मो तौहीद, वार्ड सदस्य लक्ष्मी देवी, वार्ड सदस्य भिखारी साव, मो रियाज, मो मुस्तकीम, वार्ड सदस्य फमीदा खातून, मो लियाकत सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## रानीचूवां पंचायत में सेविका चुनाव को लेकर आम सभा का किया गया आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रानीचूवां पंचायत में शुक्रवार को सेविका का चयन को लेकर आम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख मनोज रजक ने किया। आम सभा के दौरान सी. डी. पी. ओ नीलू कुमारी, सुनीता देवी निभा कुमारी, मुखिया मूर्ति देवी, पूर्व मुखिया रीता मुर्मू, मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र दुड्डू मुख्य रूप से मौजूद थे। सेविक चयन के लिए कुल आठ आवेदन दिया गया। जहां योग्यता को देखते हुए अंजू देवी को सेविका के लिए चयन किया गया। मौके पर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि गाजो दुड्डू, वीरेंद्र यादव, मनोज मंडल, राजेंद्र यादव,राजू बास्के एवं रमेश ठाकुर मुख्य रूप से मौजूद थे।

## अमृत महोत्सव के तहत शनिवार को कोबरा वाहिनी 203 निकालेगी तिरंगा यात्रा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कोबरा वाहिनी 203 बरही के द्वारा शनिवार को बरही चौक के चारो रोड में आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर तिरंगा यात्रा निकालने का निर्णय ली है। उक्त जानकारी देते हुए कोबरा वाहिनी 203 के सबइंस्पेक्टर सह पीआरओ पंकज कुमार यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम अमृत महोत्सव के तहत आयोजित की जा रही है। तिरंगा यात्रा में कोबरा के जवान समेत बरही के आम लोग शामिल हो सकते है। तिरंगा यात्रा शनिवार को बरही चौक के चारो रोड में बाइक से निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा कोबरा वाहिनी 203 से निकालकर चारो रोड का भ्रमण करते हुए पुनः कोबरा वाहिनी 203 पहुंचेगी। इस बाबत उन्होंने बरही के युवाओं एवं आम नागरिकों से अपील किया है कि वे उक्त तिरंगा यात्रा जो शनिवार दोपहर 11 बजे से निकलेगा, उसमें भाग लेकर इसे सफल बनाएं और क्षेत्रवासियों के मन मे राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करे।

## महिला सशक्तिकरण का अनूठा उदाहरण थी सरोजिनी नायडू : ए के सिंह

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरही की सरोजिनी नायडू का अभिनय की हुई प्रस्तुति

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



श्रद्धांजलि देते प्राचार्य अशोक कुमार सिंह एवं अन्य

डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में आजादी के अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर प्रार्थना सभा में देश की स्वतंत्रता दिलाने वाले क्रांतिकारियों के जीवन को प्रस्तुत करने वाली झांकी के तहत भारत की नाइटेंगल ऑफ़ इंडिया सरो. जिनी नायडू के जीवन चरित्र को दिव्या सिंह कक्षा सप्तम और अक्षिता केसरी कक्षा पंचम ने बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया। पूरी साज-सज्जा के साथ सरोजिनी नायडू की प्रस्तुति और उनके संवादों को प्रार्थना सभा में प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कक्षा नवम की छात्रा विद्या केसरी नेः खूनी हस्ताक्षरः कविता बड़े ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया ।साथ ही साथ कक्षा चतुर्थ के विनम्र कुमार ने अपने स्वर में देशभक्ति गीत गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया ।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि देश की आजादी के उपलक्ष्य में प्रतिदिन प्रार्थना सभा में किसी न किसी क्रांतिकारी और वीरांगनाओं के चरित्र को छात्र छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया जाता रहा है ।आज की कड़ी में सरोजिनी नायडू के जीवन को प्रस्तुत किया गया। यह प्रस्तुति छात्रों को देश प्रेम से तो जोड़ती ही है साथ ही साथ महिला सशक्तिकरण के तरफ भी अपनी कदम बढ़ाती है ।इस तरह के कार्यक्रम छात्र छात्राओं के अंदर नेतृत्व भावना का विकास करते हैं। जो उनके जीवन को सही मार्गदर्शन प्रदान करता है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि हमें अपने जीवन में देश की आजादी के लिए समर्पित लोगों के लिए सदैव श्रद्धा का भाव रखना चाहिए ।साथ ही साथ उनके दिखाए रास्ते पर चलकर एक बेहतर राष्ट्र बनाने का प्रयास करें। कार्यक्रम के अंत में डीएवी सीएमसी के वाइस प्रेसिडेंट टी आर गुप्ता जी के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए शोक सभा का आयोजन किया गया। जहां विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि इनका जीवन पूरी तरह से आर्य समाज और डीएवी आंदोलन के प्रति समर्पित था। अपनी कर्मठता एवं लगन से डीएवी आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए सदैव प्रयत्नशील रहे ताकि बच्चों के भविष्य के साथ साथ देश का भविष्य भी सुरक्षित रहे।आइए हम सब मिलकर प्रण करें कि इनके द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलकर डीएवी आंदोलन की सार्थकता को सिद्ध करने का पूरा पूरा प्रयास करें।।

## डोमचांच थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइव : डोमचांच**
**सुनिल रजक**



डोमचांच थाना परिसर में शुक्रवार की संध्या मुहर्रम त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत की गई। जिसमें जनप्रतिनिधि गण एवं गणमान्य प्रबुद्ध लोगों ने उपस्थित होकर मुहर्रम त्यौहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांति पूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया। साथ ही विधि व्यवस्था मे पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग करने की बात कही। इस बीच बैठक में थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान ने कहा कि पुलिस प्रशासन बिल्कुल हर जगह त्यौहार के दिन मुस्तैद रहेगी वही बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य शांतिप्रिया समाजसेवी लीलावती मेहता, महेंद्र वर्मा, प्रदीप सिंह, मुखिया मनसूर अली, दिनेश यादव, ममता देवी, सीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, शंकर दास, रफीक मियां, इमरान आलम, डॉक्टर के पी चौधरी, बलराम भारती, पंचायत समिति सदस्य अख्तर अंसारी, सलीम अंसारी, मोहम्मद अली, आजाद अंसारी, सुनील कुमार के अलावे कई अन्य मौजूद रहे।









डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## भड़काऊ वीडियो वायरल करने और अफवाह फैलाने वाले दो युवकों को किया गया गिरफ्तार

### माहौल बिगाड़ने वाले को बक्सा नही जाएगा – एसडीपीओ

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड अंतर्गत माल्डा बजरंगबली मंदिर के पास गुरुवार की देर रात लगभग 12:00 बजे एक विशेष समुदाय द्वारा मिट्टी लाने के क्रम में डीजे बजाने और गलत तरह के विडियो वायरल करने को लेकर शुक्रवार की सुबह लोगों में आक्रोश और मामूली नोकझोक व विरोध प्रदर्शन शुरू हो गई। घटना के सूचना पाते ही गावां थाना प्रभारी पिंटू कुमार दल बल के साथ पहुंच कर मामले को शांत करवाने में जुट गए। वही इंस्पेक्टर सहदेव प्रशाद , एसडीएम धीरेंद्र कुमार सिंह, एसडीपीओ मुकेश महतो भी घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जायजा लिए। उक्त संबंध में बताते हुए एसडीपीओ मुक.श कुमार महतो ने कहा कि कल रात में मिट्टी लाने के क्रम में बिना इजाजत के डीजे बजाने और गलत तरह का वीडियो वायरल करने वाले दो लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है और डीजे को भी जब्त कर लिया गया है। साथ ही उन्होंने आम. जनों को संदेश देते हुए कहा कि अपवाहो पर ध्यान न दें। किसी प्रकार का हुड़दंग करने वालों को बक्सा नही जाएगा। मो. हर्रम को शांति और सौ. हार्द तरीके से मनाएं। वही एसडीएम धीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मिट्टी लाने के क्रम में कुछ बच्चो द्वार विवादित नारे लगाने की जानकारी मिली है, उसी के संबंध में दो लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने लोगो से आग्रह किया है की अपवाहों से बचे और शांति एवं सौहार्द तरीके से मोहर्रम मनाने का कार्य करे।

## पंचायत समिति कि बैठक में स्थायी समिति का हुआ गठन

### प्रमुख मंजू देवी बनी विकास समिति का अध्यक्ष

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रमुख मंजू देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति कि बैठक कि गई। बैठक में कई विभागों के कर्मी शामिल हुए। इस दौरान पंचायत समिति कि स्थायी समिति का गठन किया गया। जिसमें प्रमुख मंजू देवी को वित्त- आकषन, योजना व विकास समिति का अध्यक्ष बनाया गया। जबकि उप प्रमुख खुशबू देवी को महिला, शिशु व सामाजिक कल्याण समिति, स्वास्थ्य व शिक्षा समिति का अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावे पंसस उमाशंकर दास को कृषि उद्योग, महेंद्र पंडित को वन व पर्यावरण विभाग, गुंजा कुमारी को संचार उपकरण विभाग, राम प्रसाद यादव को सहकारिता विभाग का अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में पंचायत के सभी खराब चापाकल को पेयजल विभाग से मरम्मत कराने, जल सहिया का गठन करने, स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी का समय 5 बजे शाम तक करने, को. टवारडीह में जनवितरण प्रणाली की दुकान की मांग, कांटी डैम क्षेत्र में एम्बुलेंस की व्यवस्था करने, बेंदी में नया आंग. नबाड़ी केंद्र बनाने का प्रस्ताव लिया गया। मौके पर अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव, उप प्रमुख खुशबू देवी, सांसद प्रतिनिधि मनोज साव, चंद्रभूषण साव, डॉ विनीत कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य रामविलास पासवान, रेणु देवी,गायत्री देवी, उषा कुमारी, अनिता देवी, मनरेगा बीपीओ मुकुंद श्रीवास्तव, बीपीओ जुलिटा मिंज, थाम मुखिया पुष्पा देवी, चंदवारा पश्चिमी मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा, उरवां मुखिया मनोज पासवान आदि मौजूद थे।

## फर्नीचर व्यवसायी के घर में लूटपाट

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा बाजार रोड स्थित बिड़ला फर्नीचर के मालिक वीरेन्द्र प्रसाद के घर में बीते गुरुवार की देर रात लगभग एक बजे गृहस्वामी बीरेन्द्र प्रसाद व उनके परिवार वालो को बंधक बनाकर(हाथ पैर बांध कर) घर में रखे नगदी व आभूषण को लूट कर ले गये। सर्वप्रथम डकैतों ने सब्बल से में गेट का ताला व दरवाजा तोड़कर सभी परिवार को बंधक बनाकर मोबाइल छीन लिया। छानबीन के दौरान प्रशासन के द्वारा घटनास्थल से चोरों द्वारा इस्तेमाल किया गया सब्बल बरामद किया गया । घटना की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव पीड़ित बिरेन्द्र प्रसाद के घर पहुँचकर वस्तुस्थिति से अवगत हुए ।उन्होंने बरकट्ठा थाना प्रभारी से डकैतों/चोरों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की और कहा कि इस तरह की घटना से क्षेत्रवासी भयभीत हैं, बरकट्ठा पुलिस को अपराधियों के ऊपर नकेल कसने की जरूरत है। घटना को लेकर थाना क्षेत्र में भय वयाप्त है ।

## पूर्व विधायक ने झापा में मोबाईल दुकान का किया उदघाटन

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने झापा मोड़ के समीप मोबाइल श०प का उदघाटन किया। इससे पूर्व संचालक महेंद्र सोनी ने पूर्व विधायक के साथ उपस्थित जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, दादपुर मुखिया गंदौरी दाँगी, सांसद प्रतिनिधि मुकुन्द साव, पंचायत समिति सदस्य मुकेश नायक, भाजपा नेता अरविंद सिन्हा आदि को बुके देकर स्वागत किया। पूर्व विधायक ने कहा कि आदरणीय पीएम मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो रहा है। मोबाइल दुकान खुलने से झापा सहित आसपास के लोगों को आसानी से मोबाइल उपल. ब्ध हो जाएगा। इस दौरान पूर्व विधायक ने आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया। मौके पर जन्मजेय सिंह, सतेंद्र सिंह, राकेश पांडेय, कृष्णा कुमार, सुशील साव, लेखनाराय साव, प्रमोद ठाकुर, सुरेंद्र पांडेय, देवकुमार दाँगी, वार्ड सदस्य पुष्पा देवी, शुभम कुमार, सुमन कुमार, त्रिभुवन साव, मो मेराज, महेंद्र साव, छोटन ठाकुर, सहित अन्य।

## अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्यवाई : एसडीएम खोरीमहुआ

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह : मोहर्रम त्योहार के मद्देनजर शुक्रवार को खोरीमहुआ अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार सिंह एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो ने गावां प्रखण्ड के पिहरा पंचायत समेत कई गांवों का दौरा कर त्योहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का निर्देश दिया। कहा कि मोहर्रम त्योहार के अवसर पर कोई भी ऐसा काम नही होना चाहिए जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ने के खतरा हो। साथ ही साथ असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है और अफवाह फैलाने वालों को किसी भी हाल में नही बख्सा जाएगा। खास कर युवा वर्ग के लोगों एवं ग्रुप संचालकों को चेतावनी दी गयी की सोशल मीडिया पर बेकार की अफवाह फैलाने से परहेज करें। उन्होंने कहा कि डीजे और शराब पर पूर्ण पाबंदी रहेगी एवं आग वाले खेल खेलने की इजाजत नही होगी। साथ ही उन्होंने समाज के बुद्धिजीवियों से अपील किया है की समाज के उदंड प्रवृति के लोगो पर विशेष ध्यान रखे और छोटी मोटी घटनाओं को सामंजस्य बना कर हल करने का प्रयास करे। मौके पर गावां थाना प्रभारी पिन्टू कुमार, इंस्पेक्टर सहदेव प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि सबदर अली, उपमुखिया राजेश गुप्ता, अलीम अंसारी, मो इफ्तिखार आदि लोग उपस्थित थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूर की गुजरात में मौत

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूर की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन

विष्णुगढ़ के एक प्रवासी मजदूर की गुजरात में मौत हो गई। मजदूर प्रखंड के कुसुम्भा पंचायत के अलखरी गांव का रहने वाला था। बताया जाता है कि मजदूर युवक अनिल मरांडी (23) पिता रूपन मरांडी ट्रांसमिशन लाइन में बतौर मजदूरी करने गुजरात के बलसाड़ गया था। विगत कुछ माह से वह वहां रहकर काम कर रहा था। उसके साथ काम पर गए अन्य मजदूरों ने बताया कि बीते बुधवार को उसने दिनभर काम किया। काम के बाद शाम को जब वह कैम्प पहुंचा तो उसकी तबियत अचानक बिगड़ गई। इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाने के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पाकर परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। लोगों ने उनके घर पहुंचकर परिजनों को ढांढ़स दिया। ग्रामीणों ने बताया कि वह बहुत मेहनती एवं विनम्र स्वभाव का युवक था। उसी की कमाई से पूरा परिवार चलता था। उसकी मौत की सूचना से पूरे गांव में मातम पसर गया। शुक्रवार को मृतक का शव एम्बुलेंस से गांव लाया गया। इस दौरान पूरा माहौल गमगीन हो गया। शव के पहुंचते ही मुखिया दुलारचंद पटेल समेत बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंचे और उनके अंतिम संस्कार की व्यवस्था की। काम के दौरान मजदूर की असामयिक मौत हो जाने पर ट्रांसमिशन लाइन की कंपनी समेत ठेकेदार से मुआवजा की मांग की गई है।

## मुहर्रम पर्व को लेकर डाड़ी कलाँ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव के डाड़ी कलाँ थाना परिसर में शुक्रवार को मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी मणिलाल सिंह एवं संचालन चेपा कला पंचायत के पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम ने की जिसमें डाड़ी कला थाना प्रभारी मणिलाल सिंह ने कहा कि जिस रास्ते से हमेशा ताजिया लाते–जाते हैं उसी रास्ता से इस बार भी ले जाना है। नया रास्ता नहीं चुने जिससे किसी को परेशानी हो। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया की गलत अफवाह से दूर रहे। कहीं से कोई खबर आती है तो पुलिस से बात करें उसे सत्यापित कर लें। बहुत बार गलत सूचना पर हम सब आपस में उलझ जाते हैं इससे बचें। उन्होंने कहा कि अशांति फैलानेवाले पर पुलिस की कड़ी नजर है स उन्होंने विशेषकर नशा से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि ऐसे लोगों को चिन्हित कर थाना को सूचना दे सभी लोग आपसी भाईचारा को बनाये रखें एवं कोई भी अफवाह की खबर आप तक पहुंचती है तो इससे प्रशासन को अवगत कराएं। मौके पर मोहम्मद तौहीद, पंकज कुमार, सिंदवारी पंचायत मुखिया करम राम पंसस निर्मल राम, चेपा कलाँ पंचायत के मुखिया अनिकेत कुमार नायक, राजेश महतो, डाड़ी कलाँ पंचायत मुखिया मो इलियास अंसारी, मोहम्मद खलील, अयूब अंसारी, धनेश्वर महतो, मोहम्मद शमीम, शमीम अहमद, मोहम्मद अलीमुल्ला, आलोक कुमार, अरशद अंसारी, अनुज कुमार सिंह, विक्की करमाली, वाहिद अली, मोहम्मद अजरुद्दीन, शंकर राम, मो ताहिर, मो संजर, अब्दुल अजीज, कुतुब रब्बानी, फयूम अंसारी के अलावा गणमान्य लोग उपस्थित थ।

## आजीविका ग्राम संगठन के द्वारा अमृत महोत्सव मनाया गया

### रैली निकालकर हर घर तिरंगा लगाने का किया आग्रह

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखण्ड के अंतर्गत ग्राम चेपाखुर्द में आजीविका ग्राम संघटन के सारे सदस्यों के द्वारा आ. जादी के अमृत महोत्सव मनाया गया। संघटन के सारे सदस्यों के द्वारा ग०ंव में तिरंगा लेकर रैली निक. ाली गई और लोगो को आजादी के अमृत महोत्सव में भाग लेते हुवे अपने ग०ंव के हर घर मे 15 अगस्त तक तिरंगा झंडा लगाने का आग्रह किए। इस मौके पर मुख्यरुप से आजीविका ग्राम संघटन के अध्यक्ष टिंकू देवी ,सचिव सकीला खातून,सक्रिय महिला सोनू देवी, प्रतिमा देवी,सामुदायिक समन्वय ब्रजेश कुमार,मिना देवी,कौशल्या देवी,पार्वती देवी,सुमित्रा देवी,सेवंती देवी,ललीता देवी,लीला देवी,बसंती देवी,रानी देवी व दर्जनों महिलाएं उपस्थित थे।

## पंचखैरो डैम दुर्घटना को लेकर गिरिडीह और कोडरमा जिला प्रशासन के बीच हुआ मंथन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



विगत 17 जुलाई 2022 को पंच खेरो गोरहांद डैम में हुई नाव दुर्घटना के सं. बंध में विचार विमर्श करने हेतु गिरिडीह जिला प्रशासन एवं कोडरमा जिला प्रशासन के पदाधिकारी आज दोनों जिला के सीमा पर स्थित डैम पर मिले । ज्ञातव्य हो कि 17 जुलाई 2022 को हुई नाव दुर्घटना में 8 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी । जिन्हें 19 जुलाई 2022 को आपदा विभाग की ओर से 4 – 4 लाख का चेक प्रदान किया जा चुका है । आज गिरिडीह जिला प्रशासन एवं कोडरमा जिला प्रशासन के पदाधिक. ारियों के द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से जो पहल की जानी है ,उस पर गहन विचार विमर्श किया गया । माननीय केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी के द्वारा सांसद निधि के द्वारा डैम में सुरक्षा सं. बंधी उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा । कोडरमा जिला के सीमावर्ती गांव अरकोसा एवं आ. सपास के 12 युवक तथा गिरिडीह जिला के गोरहांद पंचायत एवं आसपास के 12 युवकों की सूची तैयार की जा रही है । जिन्हें एनडीआरएफ के द्वारा गोताखोर के रूप में प्रशिक्षण दिया जाएगा साथ ही उन्हें बेसिक जीवन रक्षक कौशल का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा । डैम में कोडरमा जिला के मत्स्य विभाग के द्वारा बोट संचालित है । निर्णय लिया गया कि गिरिडीह जिला एवं कोडरमा जिला के द्वारा जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक कर पंच खेरो गोरहांद डैम को पर्यटन स्थल के रूप में अधिसूचित किया जाएगा ताकि भविष्य में पर्यटन विभाग के द्वारा इस डैम के सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन सं. बंधी संभावनाओं के संबंध में योजनाएं स्वीकृत कराई जा सके । साथ ही डैम पर उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं ग्राम वासियों से अपील की गई की ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो इस हेतु ग्राम सभा आयोजित कर लोगों को सुरक्षा के दृ ष्टिकोण से जागृत किया जाए

इस अवसर पर उपायुक्त गिरिडीह जिला एवं कोडरमा जिला तथा जिला से अन्य संबंधित पदाधिकारी, मुखिया एवं अरकोसा गाँव के लोग उपस्थित थे ।

## वाहन लुटेरे मास्टर माइंड समेत चढ़ा गिरिडीह पुलिस के हत्थे

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह जिला के निमियाघांट थाना क्षेत्र स्थित जीटी रोड पर हे. ठनगर धर्मकांटा के समीप 31जुलाई की रात करीब साढ़े नौ बजे अज्ञात अपराधियो ने टाटा मैजिक मालवाहक वाहन जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 10बी वाई 4055 को लूटपाट कर लिया था। जिस संबंध में वाहन चालक त्रिलोकी कुमार सिंह के आवेदन के आधार पर निमियाघाट थाना में कांड संख्या 74/2022दिनांक01/08/ 2022धारा 382भादवि दर्ज किया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी गिरिडीह के निर्देश पर एसडीपीओ डुमरी के नेतृत्व में एसआईटी गठित की गई। तकनीकी एवं मानवीय सुचना के आधार पर राजू बंगाली को गिरफतार किया गया जिन्होंने अपनी स्वीकारोक्ति बयान में घटाना में शामिल अन्य 06साथियों का नाम बताया तथा लूटी गई वाहन को कतरास के सौरभ कसेरा उर्फ छोटू कसेरा के पास बेचने हेतु पहुंचाने की बात बताए। जिस पर सौरभ कसेरा उर्फ छोटू कसेरा को गिरफतार किया गया तथा दोनो की निशानदेही पर लूटी गई टाटा मैजिक मालवाहक वाहन को कतरास थाना क्षेत्र स्थित रामकली ओपी क्षेत्र अन्तर्गत से बरामद किया गया तथा इसके अतिरिक्त घटना में संलिप्त रितिक कुमार गुप्ता एवं अनिल कुमार शर्मा को गिरफतार किया गया है। इस तरह से घटना में शामिल छः में से चार अपराधियो को गिरफतार कर लिया और दो अपरा. धियो को गिरफतार करने के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार अपरा. धियो के पास से लूटी गई वाहन और घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त चार मोबाइल की बरामदगी हुई है। अपराधियों का अपराध के क्षेत्र में पुराना इतिहास रहा है। गिरफतार अपरा. धियो के खिलाफ़ कई थानों में कांड दर्ज है अपराधियों ने पूछताछ के दौरान जानकारी दी कि वे लोग मुख्य रुप से बंगाल नंबर मालवाहक छोटी गाड़ियों को रेकी कर घटना को अंजाम देते आ रहे हैं। इस गिरोह का मुख्य सरगना राजू बंगाली उर्फ राजू साव पिता साधु मिस्त्री उर्फ साधु साव निवासी ईसरी बाजार (रेलवे गेट नंबर चार) थाना निमियाघाट जिला गिरिडीह है। गिरफतार अपराधियो में राजू साव उर्फ राजू बंगाली, सौरभ कुमार कसेरा, रितिक कुमार गुप्ता उम्र 21वर्ष पिता दिनेश गुप्ता निवासी इसरी बाजार हटिया टांड़, अनिल कुमार शर्मा उम्र 21वर्ष पिता भुनेश्वर ठाकुर निवासी रेलवे गेट रंगामाटी ईसरी बाजार है। छापेमारी दल मेंमनोज कुमार एसडीपीओ डुमरी, परमेश्वर लियांगी पुनि डुमरी थाना, सावन कुमार थाना प्रभारी निमियाघाट थाना, राजू कुमार मुंडा थाना प्रभारी डुमरी, सत्येंद्र कुमार व असीम कुजूर पुअनी निमियाघाट थाना एवं डुमरी और निमियाघाट थाना में प्रतिनियुक्त शास्त्र बल शामिल थे। उपरोक्त जानकारी मनोज कुमार एसडीपीओ डुमरी ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया को बताया।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## रक्षा क्षेत्र में करियर विकल्प के लिए सेमिनार, ग्रिज़ली विद्यालय के छात्रों को दिये

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



तिलैया डैम स्थित ग्रिज़ली विद्यालय में रक्षा क्षेत्र में करियर विकल्प के विषय पर कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्रों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित होने वाली भारतीय सेना के दो मुख्य परीक्षा जिसमें छात्र बारहवीं के तुरंत बाद शामिल होकर देश सेवा में अपना योगदान दे सके. छात्रों को जानकारी तथा उन परीक्षा से सम्बंधित मार्गदर्शन करना था. इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर 45 झारखण्ड बटालियन एनसीसी के कमांडिंग अफसर लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष जैन शामिल हुए और छात्रों को जानकारी दी. विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने कहा की करियर संबंधित विकल्पों की जानकारी ही सफलता की कुंजी है और ग्रिज़ली विद्यालय अपने छात्रों के लिए हर संभव प्रयास करती है कि छात्रों को अपने भविष्य में सही करियर का चुनाव करते वक्त उनके पास सारी जानकरी उपलब्ध हो. उन्होंने कहा की देश की सेवा सबसे बड़ी सेवा है और और उन्हें उम्मीद है की विद्यालय से भी आने वाले वक्त में छात्र इस क्षेत्र में अपना योगदान देंगे और विद्यालय का नाम रौशन करेंगे.

## विष्णु सिंह मौत मामले में राजेश यादव ने डीसी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला अन्तर्गत गांडेय प्रखंड के लेदो गांव के विष्णु सिंह, जिनकी मौत पिछले दिनों गरीबी/बीमारी तथा कई महीनों का राशन नहीं मिलने के कारण भूख से हो गई थी, के मामले को गिरिडीह डीसी के संज्ञान में देते हुए एक आवेदन देकर अपने स्तर से जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। इस बाबत माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, विष्णु सिंह की मौत की खबर मिलने पर माले की टीम ने विगत 3 अगस्त को लेदो गांव जाकर ग्राम वासियों के से पूरी वस्तु स्थिति की जानकारी ली है। मामला बिल्कुल सही और गरीबों के राशन की लूट के अपराध का जीवंत उदाहरण है। कहा कि, विष्णु सिंह की मौत का कारण गरीबी के साथ साथ कई महीनों से उसे राशन नहीं मिलना भी है। उस गांव में राशन की लूट चरम पर है। 3 अगस्त तक वहां जुलाई का राशन नहीं बंटा था। यही नहीं, प्रत्येक माह मिलने वाला 2 बार का राशन गांव वालों को नहीं मिल रहा है। यादव ने गांडेय प्रखंड में पूर्व से चल रही राशन की कालाबाजारी का भी जिक्र किया है, और यह भी बताया है कि, कैसे चावल से लदा ट्रक गांडेय से पीछा करते हुए गिरिडीह में तत्कालीन डीसी दिप्रवा लकड़ा के सहयोग से पकड़ा गया था। कहा कि, इस मामले को डीएसओ को भी संज्ञान में दिया गया है, और उन्हें पूरी उम्मीद है कि, डीसी इस मामले में उचित कार्रवाई करेंगे।

## अवैध आरा मिलों पर चला वन विभाग का बुलडोजर

### विष्णुगढ़ के एक तथा बगोदर के दो आरा मिलों पर हुई कार्रवाई

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**




विष्णुगढ़ में अवैध आरा मिल को ध्वस्त करती वन विभाग की टीम

हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी सौरभ चन्द्रा के निर्देश पर शुक्रवार को वन विभाग द्वारा अवैध आरा मिलों के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें विष्णुगढ़ प्रखंड के करगालो में एक तथा बगोदर प्रखंड के धवैया में दो अवैध रूप से संचालित आरा मिलों को बुलडोजर से धराशाई कर दिया गया। इस कार्रवाई में आरा मशीन, हाथी तथा प्लेटफ०र्म को बुलडोजर से उखाड़ते हुए स्थल पर उपस्करों सहित चिरान के लिए रखी गई करीब दो लाख रुपये से अधिक की लकड़ियां जब्त की गई। सभी लकड़ियों एवं जब्त उपस्करों को ट्रैक्टर पर लादकर सरिया स्थित रेंज अ०फिस ले जाया गया। कार्रवाई के बाद करगालो आरा मिल संचालक ठाकुर तूरी पिता मंडल तूरी एवं राजू शर्मा के अलावा धवैया के विनोद महतो पिता द्वारिका महतो व नागेंद्र महतो पिता जग्गू महतो पर सुसंगत धाराओं के तहत वन मुकदमा दर्ज किया गया है। छापेमारी का नेतृत्व वन क्षेत्र पदाधिकारी बगोदर सुरेश राम कर रहे थे। छापेमारी में वनरक्षी कुंदन कुमार, संजीत वर्मा, मो. असलम, रंजन कुमार, अंशु कुमार, अमन राज, देव नारायण, संजीत कुमार, भुनेश्वर मंडल, डीलो रविदास, उदय केशरी, विनोद गंझू आदि शामिल थे। डीएफओ ने कहा कि अवैध आरा मिलों के खिलाफ छापामारी लगातार चलता रहेगा। बताया कि मार्च के अंतिम सप्ताह से अब तक कुल 22 अवैध आरा मिलों पर छापामारी की गई है।

## भिाकपा माले द्वारा एक प्रतिवाद मार्च निकाला गया

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी में शुक्रवार को भाकपा माले ने एक प्रतिवाद मार्च निकला यह प्रतिवाद मार्च झारखण्ड में विधायकों की खरीद फरोख्त व लोकतंत्र की हत्या के खिलाफ निकाला गया । और भाकपा माले के द्वारा पूरे राज्य भर में आज 5 अगस्त को प्रतिवाद दिवस रूप में मनाया गया ।

यह मार्च पूरे बाजार को भ्रमण करने के बाद एक नुकड़ सभा मे तब्दील हो गयी नुकड़ सभा को ट ल । के राज्य कमिटि सदस्य राजेश कुमार विश्वकर्मा और माले प्रखण्ड सचिव सीताराम सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि सूबे में आम जनता का वोट सरे आम नीलाम हो रहे हैं , राज्य के गरीब जनता के वोट को खिलौना बना दिया जा रहा है , भाजपा के लोग पूंजीपतियों का इस्तेमाल करके लोकतंत्र की हत्या कर देने के लिए आमदा हैं और पूरा विपक्ष मुक्त भारत बना कर प्रजातंत्र का गला घोंट देना चाहते हैं , और फिर से राजतंत्र जैसा व्यवस्था लाना चाहते इसलिए माले के लोग पूरे झारखण्ड के लोगो को जागरूक करते हुए इस राज्य में खरीद फरोख्त वाली मानसिकता को ध्वस्त करेगी इस संदर्भ में माले विधायक विनोद सिंह ने विधान सभा मे सवाल उठा कर राज्य की जनता की आँखे खोल दी है ,

प्रतिवाद मार्च का नेतृत्व प्रखण्ड सचिव सीताराम सिंह कर रहे थे और इस मार्च में बिरनी प्रमुख सह माले जिला कमिटि सदस्य रामु बैठा, सहदेव यादव, उपप्रमुख शेखर शरण दास , रामविलाश पासवान, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सीताराम पा. सवान, R Y A के नेता राजेश कुमार विश्वकर्मा , इम्तियाज अली, सूर्यदेव तुरी , मुंसी विश्वकर्मा, रामसहाय यादव, पडरिया पंचायत के मुखिया विजय दास,संतोष दास, विशुन विश्वकर्मा , पिंटू यादव, चोंगखार पसस भीखन र०य आदि सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल रहे ।

## पदमा प्रमुख ने प्रखंड के विभिन्न पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**अपेम लाइव : पदमा**
**सुमन राज मेहता**

पदमा प्रमुख वीणा देवी ने शुक्रवार को बंदरबेला पंचायत के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। मुख्य रूप से बंदर बेला पंचायत के विभिन्न गांव के आंगनवाड़ी केंद्र एवं विद्यालयों के निरीक्षण के क्रम में निम्नलिखित कमियां सामने आई है। पंचायत के सभी विद्यालयों आंगनवाड़ी केंद्र में पानी की व्यवस्था सही नहीं है आडार के आंगनवाड़ी केंद्र में छत से काफी पानी का रिसाव होता है जिसे बच्चों को बैठने में काफी असु. विधा होती है वहां बच्चों का रहन-सहन वेशभूषा पढ़ाई का तरीका संतोषजनक मिला कंडा दाग स्कूल में शिक्षकों की कमी के कारण बच्चे बाहर खेलते हुए मिले उसी गांव के आंगनवाड़ी केंद्र में काफी कमियां सामने आई ग्राम बंदर बेला में स्कूल जाने के मार्ग एवं शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों की काफी परेशानियां की जानकारी मिली पंचायत के लगभग सभी स्कूलों में उपलब्ध कराया गया खेल सामग्रियों की क्वालिटी एकदम खराब रहा बच्चे खेल सामग्री का उपयोग 1 दिन 2 दिन ही कर सकते थे ऐसी क्वालिटी का सामान प्राप्त था जो अत्यंत खेद का विषय है जहां सुधार करने की जरूरत महसूस हुई उस जगह सुधार करने का निर्देश दिया एवं बच्चों के उपस्थिति में कमी महसूस हुई।

## प्रतिबंधित गौ माँस के साथ एक युवक गिरफ्तार, बाईक बरामद






**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

विहिप और बजरंग दल के सामूहिक प्रयास से जीटी रोड स्थित चौपारण बाजार से एक युवक प्रतिबंधित गौ मांस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में चौपारण थाना में बारा निवासी केश सिंह पिता मानदेव सिंह के द्वारा दिय लिखित आवेदन के आधर पर मामला दर्ज कर गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया। आवेदन के अनुसार शुक्रवार सुबह 9 बजे चौपारण बाजार स्थित सुहाग स्टोर के समीप कुछ लोग खड़े थे इसी बीच औलाद कालोनी की ओर से एक बाइक सख्या बीआर 02 एयू 1220 को शक के आधार पर रुकने को बोला गया। इसी बीच युवक बाइक को छोड़कर वापस औलाद कॉलोनी की तरह भागने लगा। ग्रामीणों के सहयोग से युवक को पकड़ा गया। इस दौरान डिक्की चेक करने पर उसमें प्रतिबंधित गौ मांस बरामद किया। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दिया गया। मौके पर पहुंची चौपारण पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर व बाइक बरामद कर चौपारण थाना ले आया। पकड़े गए युवक की पहचान मो पिन्टू पिता सलीम बाराचट्टी गया बिहार के रूप हुवा।

APEM LIVE

मो० समसुल

वायरिंग, पलम्बर, मोटर फीटिंग एवं रिपेयरिंग के लिए संपर्क करे।



संपर्क सं0-8825280049

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## गिरिडीह उपायुक्त ने किया बगोदर स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गुरुवार 0 4.अगस्त2022 को उपायुक्त गिरिडीह द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगोदर का निरीक्षण किया गया स उपायुक्त के द्वारा वहां प्रस्तावित ट्रामा सेंटर के साथ–साथ आईपीडी ओपीडी प्रसव कक्ष, जांच घर, पीएसएप् लांट, पोस्टमार्टम हाउस का भी निरीक्षण किया गया । प्रसव कक्ष की जांच करते समय उपायुक्त ने वहां भर्ती महिलाओं से बातें की एवं उन्हें मिल रही चिकित्सीय सुविधा एवं भोजन आदि की जानकारी लिया। महिलाओं ने बताया की वहां प्राप्त सुविधाएं अच्छी है । उपायुक्त के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,औरा, बगोदर का भी निरीक्षण किया गया। सिविल सर्जन ने बताया कि उक्त स्वास्थ्य केंद्र हेतु संबंधित स्वीकृति अभी तक स्वास्थ्य विभाग से अप्राप्त है। इसके लिए पूर्व में पत्राचार किया जा चुका है स उपायुक्त द्वारा कहा गया कि पुनः पत्राचार कर एवं विभाग से संपर्क कर इसका त्वरित हल निकाला जाएगा। सिविल सर्जन ने बताया कि वर्तमान में उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम की प्रतिनियुक्ति कर स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सीय सुविधा प्रदान की जा रही है ।

उपायुक्त के द्वारा डुमरी रेफरल अस्पताल के निर्माणाधीन भवन का भी निरीक्षण किया गया एवं कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया । इस अवसर पर सिविल सर्जन , अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी,अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीपीएम तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## गादी पंचायत के लोग चुवा और गन्दे नाले का पानी पीने को मजबूर ग्रामीण

### गंदे पानी पीने से लोग है मजबूर और मना रहे हैं आजादी के अमृत महोत्सव





**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

शुद्ध पेयजल सप्लाय के लिये सरकार द्वारा इतने पैसा बहाने के बाद भी लोगो को इसका लाभ नसीब नहीं हो पा रहा है ।बतादे कि बिरनी प्रखण्ड के लोगो को आजादी के बाद भी आज तक शुद्ध पेयजल पीने का सपना साकार नही हो पाया है इस सम्बंध में बता दे कि बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के गादी पँचायत के बसगना गांव है जो की उस गांव के लोग आज भी गन्दे नाले का पानी पीने को मजबूर है ।साथ ही बताया जाता हैं की इस गांव में पेशम पानी टँकी से जल सप्लाई किया जाना था जो को नही हो रही है उक्त गांव की लोगो ने बताया कि बीते छह माह से गन्दे नाले का पानी पी कर अपनी प्यास बुझा रहे हैं ।इधर मुखिया प्रतिनिधि दिनेश यादव ने बताया कि इस मामले को लेकर बगोदर विधायक से बात किया जा रहा है वही पँचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि भरत बर्मा ने बताया कि जब तक इन लोगो का पेयजल समस्या का समाधान नही हो जाता है तब तक मेरा आंदोलन जारी रहेगा क्योंकि यह इलाका हरिजन बहुल क्षेत्र है।

## तीसरी प्रखंड के भंडारी में कार्यशाला का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आज दिनांक 05.08.022 को गिरिडीह जिला अंतर्गत तीसरी प्रखंड के भंडारी पंचायत में जिला समाज कल्याण विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें बाल विवाह , बाल व्यापार , कुपोषण, एनीमिया, डायन प्रथा तथा घरेलू हिंसा आदि विषयों पर एसएचजी ग्रुप की महिलाओं , आंगनबाड़ी सुपरवाइजर , सेविका/ सहायिका, सहिया तथा गांव की महिला एवं किशोरियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया । बाल विवाह तथा ठगी विवाह से होने वाले दुष्परिणाम पर विस्तार से चर्चा की गई स समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि बाल विवाह से बच्चियों का विकास रुक जाता है स तथा कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ता है स साथ ही शोषण का खतरा बना रहता है स उन्होंने कहा कि बाल विवाह रोकना हम सब की जिम्मेवारी है ।

बाल संरक्षण पदाधिकारी श्यामा प्रसाद ने कहा कि बाल विवाह एवं ठगी विवाह से बच्चियों की मानसिक और शारीरिक तौर पर गहरा असर होता है स अतः इसे रोकना अति आवश्यक है । बाल विवाह रोकथाम एवं जागरूकता अभियान जिला समाज कल्याण एवं बाल संरक्षण इकाई के साथ अभिव्यक्ति फाउंडेशन के द्वारा बच्चियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया । यूनिसेफ से अरविंद ने जिले में कुपोषण के शिकार बच्चों को नजदीकी सेंटर में नामांकित कराते हुए बेहतर स्वास्थ्य लाभ लेने की सलाह दी सएनीमिया उन्मूलन अभियान के तहत समाज कल्याण द्वारा मर्हि. हलाओं का हिमोग्लोबिन जांच कराया गया तथा आयरन की गोली का वितरण किया गया । संरक्षण पदाधिकारी ने घरेलू हिंसा से बचाव एवं सहायता के बारे में लोगों से अवगत हुए 181 टोल फ्री नंबर सूचना देने का सुझाव दिया स ताकि वन स्टप सेंटर के द्वारा बेहतर सहायता प्रदान किया जा सके । अभिव्यक्ति फाउंडेशन व जागो फाउंडेशन द्वारा बाल विवाह ,बाल व्यापार, घरेलू हिंसा पर कानूनी जानकारी दी गई स चाइल्डलाइन द्वारा बच्चों को जागरूक करते हुए मुसीबत में 24 घंटे टोल फ्री नंबर 1098 पर सूचना देने की बात कही । कार्यक्रम में मुखिया , एनजीओ प्रतिनिधि , चाइल्ड लाइन के सदस्यों तथा गांव के सभी लोगों की उपस्थिति रही ।

## विधानसभा घेराव में शामिल होंगे बिरनी प्रखण्ड के सभी पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ बिरनी का एक महत्वपूर्ण बैठक पंचायत भवन केंदुआ में प्रखण्ड अध्यक्ष सूरज कुमार मोदी के अध्यक्षता में हुई जबकि संचालन प्रखण्ड उपाध्यक्ष ज्ञानेश्वर शर्मा ने किया था .बैठक में सर्व प्रथम प्रखंड समिति के सचिव रहे पंचायत स्वयंसेवक सहदेव यादव को केंदुआ पंचायत के मुखिया निर्वाचित होने पर माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए बधाई दिया गया. इसके पश्चात 5 अगस्त को एक दिवसीय विधानसभा घेराव को सफल बनाने हेतु विस्तृत चर्चा करते हुए यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश कमिटी के द्वारा अपने तीन सूत्री मांगों के समर्थन में आहुत विधानसभा घेराव मे पुरे राज्य के पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक राजधानी रांची पहुंचेंगे और इसे सफल बनाने के लिये अपनी मांगों को सरकार से मनवाने के हेतु प्रखण्ड के सभी पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक आन्दोलन में शामिल होंगे.बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सूरज कुमार मोदी ने कहा कि जिस उम्मीद से झारखंड की जनता ने माननीय हेमंत सोरेन को सत्ता सौंपा था वह अब फरेब लगने लगा है क्योंकि चुनाव से पूर्व माननीय मुख्यमंत्री ने हम सभी स्वयंसेवकों को आश्वासन दिए थे कि जब हम सरकार बनाएंगे तो आप सभी पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक को सम्मान. जनक मानदेय देंगे लेकिन सरकार गठन के ढाई साल बाद भी हमारी तरफ सरकार ध्यान देना तो छोड़िए हमें कार्यो से भी वंचित रखा जा रहा है इसलिए अब हम सभी स्वयंसेवक चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने को विवश हैं. बैठक में मुख्य रूप से अभिषेक कुमार, राहुल यादव, पवन विश्वकर्मा, वासुदेव वर्मा , राजेश महतो, बैकुण्ठ कुमार, पंकज सिंह, प्रभु शर्मा, चेतलाल कुमार, विजय कुमार, तुलसी यादव, राजकुमार बैठा, गयासुदिन अंसारी, रंजीत यादव, महेंद्र यादव सहित कई पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## आरवाईए इंकलाबी नौजवान सभा ने चलाया सदस्यता अभियान

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला अन्तर्गत बेंगाबाद थाना क्षेत्र स्थित बडियाबाद गांव में आज आरवाईए इंकलाबी नौजवान सभा ने राज्य कमिटी सदस्य मोहमद कमरुद्दीन अंसारी की अगुआई में सदस्यता अभियान चलाया। आज के इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहमद कमरुद्दीन अंसारी ने कहा कि अग्निपाथ योजना देश के बेरोजगार युवाओं के साथ छलावा है, बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है इस योजना के माध्यम से केंद्र सरकार। अविलंब ऐसी ओछी योजना को वापस ले केंद्र सरकार वरना बेरोजगार युवाओं के साथ इंकलाबी नौजवान सभा सड़क से सदन तक चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगी। आज के इस कार्यक्रम में ग्यासुद्दीन अंसारी, नसरूल अंसारी, आसिफ अंसारी, इनामुल हक, आफताब अंसारी, अताउल अंसारी, अफजल अंसारी, चुरखी अंसारी समेत कई अन्य ने इंकलाबी नौजवान सभा का सदस्यता ली।





APEM LIVE


सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय किरतनियाडीह सचिव के खिलाफ़ मुखिया बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**


सोनी देवी
"मुखिया"
पंचायती राज
आवासीय पता :
दिनांक : 04/08/2022
सेवा में
श्रीमान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, जमुआ

गिरिडीह ज़िला अन्तर्गत जमुआ प्रखंड के बेरहाबाद पंचायत की मुखिया सोनी देवी ने जमुआ प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय किरतनियाडीह के प्रधानाध्यापक सह विद्यालय प्रबंधन समिति सचिव राम प्रकाश वर्मा के संदिग्ध क्रियाकलाप के खिलाफ़ जांच करने की मांग की है। मुखिया सोनी देवी ने अपने मांग पत्र के माध्यम से स्पष्ट किया है कि ग्रामीणों की शिकायत पर युक्त विद्यालय का औचक निरीक्षण करने के दौरान वहां के छात्रों एवं ग्रामीणों के द्वारा की गई शिकायत को सत्य पाया। मध्यान भोजन लगातार छः महीने से बंद है एवं कुकिंग कास्ट राशि किसी भी विद्यार्थी को नही दिया गया है। साथ ही सचिव के अड़ियल रवैया और पठन पाठन में अनियमितता को लेकर सचिव से स्पष्टीकरण मांगी तो सचिव के द्वारा टालमटोल किया गया साथ ही उसका व्यवहार अशिष्टता पूर्ण था। इस संबंध में प्रखंड विकास अधिकारी जमुआ को आवेदन सौंपकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय किरतनियाडीह विद्यालय के सचिव का क्रियाकलाप जांच करने की मांग करते हुए न्यायोचित कार्यवाही करने की मांग की है।। मांग पत्र की प्रतिलिपि एसडीएम खोरिमाहुआ व जमुआ थाना प्रभारी को भी दिया गया है। कार्यवाही नहीं होने पर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने कि बात कही है मांग पत्र के माध्यम से।

## यूवा कांग्रेस कमिटी गिरिडीह जिलाध्यक्ष दिल्ली जंतर मंतर पर केंद्र सरकार के खिलाफ़ विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



यूवा कांग्रेस कमिटी गिरिडीह इकाई ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मिडिया को जानकारी दी कि आज दिल्ली के जंतर मंतर में भारतीय युवा कांग्रेस के द्वारा युवा विरोधी , किसान विरोधी , जनविरोधी केंद्र सरकार के गंदी नीतियों के खिलाफ बारिश में भी विभिन्न प्रदेशों से आए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया ! इस कार्यक्रम में गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो हसनैन अली शामिल हुए और पुरजोर तरीके से शांति व्यवस्था के साथ मोदी सरकार के महंगाई , जीएसटी, बेरोजगारी , अग्निवीर के खिलाफ प्रदर्शन किया ! और इस कार्यक्रम को लेकर दिल्ली पुलिस के द्वारा युवा कांग्रेस के साथियों को गिरफ्तार कर बसों से मधु विहार थाना लाया गया ! जिला अध्यक्ष हसनैन अली ने बताया कि आज देश में युवा बेरोजगार है और रोजगार के लिए सड़कों पर भटक रहे है! इस निकम्मी , तानाशाह केंद्र सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ युवा कांग्रेस लगातार प्रदर्शन कर रही है देश में रोजगार की व्यवस्था जितनी नीचे गिर रही है उतनी ही महंगाई ऊपर जा रही है ऐसे में गरीब , मजदूर तपके के लोगों का जीना मुहाल हो गया है ! जब 2014 में मोदी सरकार आई थी तो कहा था कि ष्बहुत हुई महंगाई की मार अबकी बार मोदी सरकार ष्पर आज मोदी सरकार लगातार महंगाई में बढ़ोतरी कर रहा है जिससे यह स्पष्ट होता है कि वो सिर्फ चुनावी जुमला था ।

## पूर्व जीप सदस्य व मुखिया ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन





**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**

गावां प्रखण्ड अंतर्गत पिहरा पश्चमी पंचायत के चटनियांदह गांव में शुक्रवार को आईपीएल के तर्ज पर सीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व जीप सदस्य इमरान अंसारी एवं स्थानीय मुखिया अमित कुमार ने फीता काटकर किया गया। बताया गया कि इस टूर्नामेंट में कुल छह टीमें सामिल है। आज उद्घाटन मुकाबला ए0डी0 बादशाह और नूर नगर के बीच खेला गया जिसमें नूर नगर की टीम ने ए0 डी0 बादशाह की टीम को 10 रनों से हराया। जीप सदस्य इमरान अंसारी ने कहा कि इस तरह की खेल के आयोजन से लोगों में आपसी भाईचारे का विकास होता है और छोटे छोटे खिलाड़ियों को अपना हुनर दिखाने का मौका मिलता है। स्थानीय मुखिया अमित कुमार ने कहा कि खेल कूद हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है। हमारे कार्यकाल में इस क्षेत्र में खेल एवं शिक्षा पर विशेष नजर रखी जा रही है। उन्होंने चटनियांदह के खेल मैदान को बेहतर और खेलने योग्य बनाने के लिए हर संभव सहयोग करने की बात कही है। मौके पर कौशल किशोर सोनू, डॉ सेराज, मो नौशाद, मजहर हुसैन, इरशाद आलम, मो मुस्ताक समेत सैकड़ों दर्शक एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## मुखिया रंजीत कुमार ने मरीज अनिल को ब्लड डोनेट किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


ब्लड डोनेट करते हैं मुखिया रंजीत कुमार

बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार ने मरीज अनिल कुमार के लिए हजारीबाग सदर ह०स्पिटल में ब्लड डोनेट किया । रंजीत ने कहा की ब्लड डोनेट करने से कोई कमजोर नहीं होता है। जरूरतमंद लोगों के लिए अवश्य ब्लड डोनेट करें ताकि दूसरे की जान बचाया जा सके यह बहुत ही पुण्य का कार्य है। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से बड़कागांव श्मशान घाट सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश सिन्हा, बैजनाथ महतो के अलावा कई लोग उपस्थित थे। रंजीत के द्वारा ब्लड डोनेट किए जाने कार्य को लेकर बड़कागांव पश्चिम पंचायत के ग्रामीणों ने सराहना की है।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

## बड़कागांव प्रखंड में शांतिपूर्वक मुहर्रम मनाने का लोगों ने लिया निर्णय

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : मुहर्रम त्यौहार को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की अहम बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे एवं संचालन थाना प्रभारी विनोद तिर्की के द्वारा किया गया। बैठक में प्रखंड के कई गांव के सदर, सेक्रेटरी के अलावा मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुवे । बैठक में प्रशासन ने लोगों से जुलूस मार्ग चार्ट को लेकर लोगों के साथ विचार-विमर्श किया। उपस्थित लोगों ने अपने अपने गांव में जुलूस मार्ग को लेकर प्रशासन को विस्तृत रूप से जानकारी दी। बैठक में लोगों को संबोधित करते हुए बीडियो जितेंद्र कुमार पांडे ने कहा कि लोग मुहर्रम त्यौहार की मर्यादा का ख्याल रखें। निर्धारित मार्ग से ही मुहर्रम की जुलूस निकलेगा । मिलजुल कर शांति पूर्वक त्यौहार को मनाए । वही थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा कि मुहर्रम त्यौहार को लेकर पुलिस पूर्ण रूप से तैयारी की है। सोशल मीडिया पर धर्म हो या अन्य किसी प्रकार का भड़काऊ मैसेज नहीं डालें अन्यथा पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी ।प्रखंड में संचालित तमाम व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम संचालित सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर है। गलत मैसेज डालने वाले शरारती तत्व को बख्शा नहीं जाएगा उसे गिरफ्तार कर सीधे जेल भेजा जाएगा। वही डाड़ी कला थाना परिसर में थाना प्रभारी मणिलाल सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की विशेष बैठक की गई ।बैठक में मणिलाल सिंह ने कहा कि आपसी सौहार्द सद्भाव के साथ लोग आपस में मिलजुल कर त्यौहार को मनाएं। बैठक में शामिल लोगों ने मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य सुनीता, एसआई विजय सिंह, चनेश्वर किस्कू, संचालक एएसआई रुस्तम अली, शिवजी सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइंया,पंसस रितेश कु ठाकुर, प्रभु राम, रंजीत चौबे, मुखिया मो तक. रीमुल्लाह, सांसद प्रतिनिधि पूनम साव, टुकेश्वर प्रसाद, चंदन पुरी ,मजहर खान ,वसीम फिरोज, रामसेवक सोनी, गौतम वर्मा, चंदन पूरी, सीताराम राणा, सतीश दास ,मो मोकेतुल्लाह, शमशेर आलम, मो फारूक, मो नौसद आलम, नरेश साव, मो मजहर, रोहित खान, सोनू इराकी, बसंत नारायण सिंह, के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## बादम पंचायत भवन में आधार सेवा केंद्र का संचालन शुरू

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखंड के बादम पंचायत भवन में आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया। पसस राजा खान और पूर्व मुखिया दीपक दास ने विधिवत फीता काट कर आधार सु. विधा केंद्र का उद्घाटन किया। दीपक दास और राजा खान ने कहा के आधार सेवा केंद्र के शुरू होने से बादाम पंचायत सहित गोंदलपुरा, हरली, और महुगाई पंचायत के ग्रामीणों को काफी सुविधा होगी। आधार सेवा केंद्र के संचालक शाहिद अख्तर ने कहा के आधार सेवा केंद्र सप्ताह में 6 दिन सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक संचालित होगा। सेवा केंद्र में नया आधार भी बनाया जाएगा साथ ही किसी तरह का आधार में त्रुटि हो तो उसे भी सुधरा जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से सीएससी डिस्टिक मैनेजर मोहम्मद निजामउद्दीन , रौशन कुमार, वार्ड सदस्य शरीक अशरफ, जितेंद्र राम, जुनेद अहमद, अर्जुन साव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।




APEM
LIVE